# मोटो जीपी मोटरसाइकिल रेस अगले वर्ष यूपी में होगी

लखनऊ,विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश एक बार फिर रोमाचंक मोटो जीपी मोटरसाइकिल दौड़ आयोजन की मेजबानी करेगा। विश्वस्तरीय यह आयोजन ग्रेटर नोएडा में प्रतिष्ठित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होगा। रोमांचक मोटो जीपी मोटरसाइकिल दौड़ आयोजन के लिए गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह तथा डोर्ना स्पोर्ट्स एसएल की ओर से कार्मेलो एज़पेलेटा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस समझौते को उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में हो रही इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा के आयोजन से बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय निवेशक प्रदेश की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी लाने से न केवल हमारे राज्य को वैश्विक खेल मंच पर उभारा जाएगा, बल्कि पर्यटन, आतिथ्य और संबंधित क्षेत्रों में पर्याप्त आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। यह कार्यक्रम दुनिया भर के आगंतुकों को आकर्षित करेगा, जो विश्व स्तरीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में उत्तर प्रदेश की क्षमता को उजागर करेगा।

- मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की मौजूदगी में इस आशय पर करार
- आयोजन की निगरानी के लिए एक समिति भी बनायी गई

## रेस से फेयर स्ट्रीट कंपनी को बाहर का रास्ता दिखाया

ग्रेटर नोएडा। मोटो जीपी रेस कराने में भारी अनियमितता करना फेयर स्ट्रीट कंपनी को भारी पड़ गया। प्रदेश सरकार ने मार्च 2025 में होनी मोटो जीपी रेस की मेजबानी से फेयर स्ट्रीट कंपनी को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अब इंवेस्ट यूपी और स्पेन की कंपनी डोर्ना स्पोर्ट्स एसएल मिलकर बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में मोटो जीपी को आयोजित कराएंगी। गुरुवार को लखनऊ में इंवेस्ट यूपी की ओर से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डोर्ना स्पोर्ट्स एसएल की ओर से कार्मेलो एजपेलेटा ने समझौते पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हस्ताक्षर किए। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में पिछले वर्ष आयोजित हुई पहली भारतीय मोटो जीपी रेस का आयोजन फेयर स्ट्रीट स्पोर्ट्स कंपनी ने कराया था।